@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Saturday, 30 May 2026 | PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 254 Pages 04 | ₹3.00




A truck lies trapped under the collapsed entrance arch of the Chettikulam Murugan Temple after crashing into the structure in Perambalur district of Tamil Nadu, Friday

### Ghost Residents and Missing Elders

## Rajasthan Old Age Home Caught in Shocking Fraud

FAIR REPORT

**KARAULI,** RAJASTHAN: A surprise inspection at an old age home in Sapotra has exposed alarming irregularities, raising serious questions about the welfare of elderly residents and the integrity of institutions entrusted with their care. Acting on directives from the Rajasthan State Legal Services Authority (RSLSA), Jaipur, and under the guidance of the District Legal Services Authority (DLSA), Karauli, a shock inspection was conducted on Friday, May 29, at a state-run old age home operated by Raj Foundation. The inspection was led by DLSA Secretary and Additional District and Sessions Judge Pratap Singh Meena. What officials discovered was deeply disturbing. While the official register boldly listed 19 elderly residents, inspectors found only 5 seniors physically present on the premises. The glaring discrepancy — 14 "ghost residents" unaccounted for — has set alarm bells ringing about possible mismanagement, misappropriation of government funds, and criminal neglect of vulnerable citizens. The inspection, conducted at Harisinghpura in the Bharatpur Division, revealed multiple serious irregularities and administrative failures within the facility. The nature and scale of the lapses suggest systemic dysfunction rather than isolated oversight. Questions are now mounting over who is responsible for the missing elderly, whether government grants meant for their upkeep were being siphoned, and how long this situation had persisted undetected. Legal authorities are expected to initiate a formal inquiry. Officials have indicated that strict action will be taken against those found responsible for what appears to be a brazen betrayal of society's most vulnerable.

### CANADA IN THE RED

## Nation Slides Into Technical Recession as GDP Shrinks for Second Straight Quarter

**Ottawa:** The maple leaf is wilting. Canada officially stumbled into a technical recession Friday after Statistics Canada confirmed the country's economy contracted for a second consecutive quarter — a grim milestone that has rattled markets and deepened anxieties over the nation's economic resilience.

Real GDP fell 0.1 per cent on an annualised basis in the first quarter of 2026, following a revised one per cent decline in the fourth quarter of 2025. (Global News) While the margin appears razor-thin, the back-to-back contraction carries heavy symbolic and material weight.

Three of the last four quarters have now posted negative real GDP growth (CKOM) — a pattern that has left economists deeply unsettled. Business capital investment also fell 0.7 per cent in Q1 2026, marking its fifth consecutive quarterly decline, with many small business owners putting investments on hold amid economic uncertainty and surging energy costs.

Analysts point to a cocktail of culprits. Statistics Canada largely blamed higher gold imports and a weak March for the resource extraction sector (Lethbridge Herald) for dragging down activity. Meanwhile, trade-war turbulence and slowing consumer confidence have compounded the strain.

# PM MODI URGES CABINET MINISTERS TO CARPOOL TO CONSERVE FUEL

FAIR REPORT

**NEW DELHI**: Prime Minister Narendra Modi on Thursday called upon his Cabinet ministers to adopt carpooling as a practical measure to conserve fuel, raising the matter directly during a Union Cabinet meeting in a move that signals the government's renewed push toward energy efficiency.

According to reports, the Prime Minister pointedly asked ministers whether they were currently carpooling to official engagements.



He reportedly stated: "If several ministers are heading to the same destination, they should travel in a single vehicle without compromising on security." The appeal underscores a deliberate effort by the Prime Minister's Office to lead by example on the question of resource conservation.

The directive comes against the backdrop of heightened global energy concerns triggered by the ongoing conflict in the Middle East, which has kept crude oil markets on edge and exerted upward pressure on fuel import bills. India, which imports nearly 85 percent of its crude oil requirements, remains acutely vulnerable to international price fluctuations.

This is not the first time Modi has championed fuel conservation from the front. The Prime Minister has consistently encouraged citizens and government officials alike to adopt fuel-saving habits, periodically renewing such appeals during periods of global supply uncertainty. Political observers note that the gesture carries significant symbolic weight — a sitting Prime Minister holding his own Cabinet accountable on an issue that directly affects millions of ordinary Indians grappling with fuel costs. The Cabinet meeting, held under the national motto Satyameva Jayate, reinforced the government's stated commitment to sustainable governance and responsible resource management.

# POWER CORRIDORS SHAKE UP: MASSIVE IAS RESHUFFLE SPARKS BUZZ INSIDE RAJASTHAN CMO



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

FAIR REPORT



**Jaipur:** In a sweeping bureaucratic overhaul that has sent shockwaves through Rajasthan's power corridors, the Bhajan Lal Sharma government has carried out a major reshuffle of senior IAS officers, triggering intense political and administrative speculation across the state capital.

The high-voltage transfer list, released late evening, includes several influential officers posted in the Chief Minister's Office (CMO), signaling what insiders describe as a "strategic reset" ahead of the government's next phase of governance and policy execution.

Top bureaucrats handling crucial portfolios such as finance, urban development, home affairs, and infrastructure have either been reassigned or given expanded responsibilities. Sources in the Secretariat claim the reshuffle is aimed at tightening administrative grip, accelerating flagship projects, and improving coordination between the CMO and district administrations.

Political observers see the move as more than a routine bureaucratic exercise. "This is a clear message that performance, delivery, and accountability will define the government's functioning," said a senior political analyst. The reshuffle has also fueled speculation about growing pressure on departments facing delays in public welfare schemes and investment proposals.

Several newly appointed officers are known for their aggressive work style and fast-track decision-making, indicating that the government may now push for quicker implementation on the ground.

Meanwhile, the Opposition has termed the reshuffle a sign of "internal administrative dissatisfaction," while BJP insiders insist the exercise is part of a long-term governance strategy.

With key officers moved into critical positions, all eyes are now on how the revamped CMO machinery reshapes Rajasthan's political and administrative landscape in the months ahead.

### Retired Judge's Anticipatory Bail Rejected in Twisha Sharma Death Case — CBI Arrest Now Imminent

**BHOPAL:** In a dramatic courtroom development that has sent shockwaves through legal circles, the Madhya Pradesh High Court has rejected the anticipatory bail application of Giribala Singh — a retired judge and mother-in-law of the late Twisha Sharma — bringing the possibility of her imminent arrest by the CBI sharply into focus.

The case, which has gripped the nation with its disturbing mix of alleged domestic cruelty and institutional privilege, took a decisive turn during the hearing when the court was informed that Giribala Singh had consistently failed to cooperate with investigators. Despite repeated notices, she allegedly avoided recording her statement — a conduct the court viewed with considerable severity. With anticipatory bail now firmly denied, legal experts believe the CBI will move swiftly to take her into custody. The investigating agency, which took over the case amid allegations of foul play surrounding Twisha's death, has been building its case against multiple accused, including family members.

What makes this case particularly explosive is the identity of the accused. Giribala Singh is not an ordinary citizen — she is a retired member of the judiciary, an institution sworn to uphold the law. Her alleged obstruction of justice, if proven, represents a profound betrayal of the very values she once represented on the bench. The Twisha Sharma death case has raised uncomfortable questions about violence within households, the misuse of social standing to evade accountability, and the urgent need for swift, impartial justice for victims who can no longer speak for themselves.

करौली-धौलपुर के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने प्राचीन चौपड़ा मन्दिर में किया श्रमदान

# जल संरक्षण पुण्य का काम, इसे पूरे मनोयोग से करें: बेढ़म

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का प्रारंभ 25 मई से किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जनसहभागिता से स्वच्छता तथा जागरूकता को बढ़ावा देना है।

करौली-धौलपुर के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि जल संरक्षण पुण्य का काम है, इसे पूरे मनोयोग से करें। यह अभियान महज एक राजकीय कार्यक्रम न होकर एक जन अभियान है, इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर जल एवं समग्र पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें।

प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने प्राचीन चौपड़ा मन्दिर में स्थित बावड़ी पर श्रमदान किया।

उन्होंने आमजन को बावड़ी को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया और साथ ही उन्होंने आमजन से जल निकायों को प्लास्टिक मुक्त रखने एवं श्रमदान की अपील की। जिला प्रभारी मंत्री ने प्राचीन चौपड़ा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर सर्व कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि प्राचीन बावड़ियां एवं जल स्रोत हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बावड़ी एवं मंदिर परिसर की नियमित साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था तथा आवश्यक मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। जिला प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लोगों से जल बचाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी से कहा कि मन्दिर परिसर की बेहतरीन साफ-सफाई कराते हुए बावड़ी के पास में पौधारोपण कर वाटिका बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में बिजौली पर किए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत मृत पौधों के स्थान पर नए पौधे लगाए जाए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भवनों की छतों की साफ-सफाई के साथ-साथ आमजन भी अपने मकानों की छतों की साफ-सफाई करें एवं किसी भी निजी एवं सरकारी भवनों में उगने वाले पौधों को निकालें जिससे भवनों की स्थिति जर्जर ना हों। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जयपुर जिले में हो रहा जल संरक्षण और स्वच्छता गतिविधियों का व्यापक आयोजन

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

"वंदे-गंगा" जल संरक्षण जन अभियान 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि अभियान के तहत जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता गतिविधियों, रिचार्ज संरचनाओं के निर्माण तथा जनभागीदारी को बढावा देने के लिए विभिन्न ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

फागी ब्लॉक की ग्राम पंचायत भोजपुरा में आयोजित कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें सलोनी खेमका, निदेशक,



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ने सहभागिता कर अभियान गतिविधियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान तालाब की साफ-सफाई, जल संरक्षण शपथ, कलश यात्रा, रिचार्ज शाफ्ट निर्माण एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। निदेशक ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए आमजन से वर्षा जल संचयन एवं जल स्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इसी तरह जमवारामगढ़ ब्लॉक की समस्त 30 ग्राम पंचायतों में पौधारोपण हेतु गड्ढा खुदाई, रिचार्ज शाफ्ट निर्माण, पशु खेलियों की साफ-सफाई तथा कार्यालय परिसरों में स्वच्छता अभियान संचालित किए गए। इन गतिविधियों में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय कार्मिकों सहित लगभग 2460 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं सांभर ब्लॉक और किशनगढ़ रेनवाल ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्राचीन तालाबों, जोहड़ो एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई कार्य करवाए गए।

## दिल्ली दौरे पर मुख्य सचिव, केंद्र सरकार के अधिकारियों से राज्य के विकास पर चर्चा

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर राज्य से जुड़े विभिन्न विकास एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने मिशन एवं प्रणाली अपडेटः कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन को 'ज्ञान भारतम मिशन' और डीरेग्यूलेशन की प्रगति बताई तथा व्यय विभाग के सचिव वी. वुमलुनमांग को 'एसएनए स्पर्श प्रणाली' के क्रियान्वयन की जानकारी देकर केंद्रीय योजनाओं की समयबद्ध स्वीकृति का आग्रह किया। सीबीआईसी अध्यक्ष विवेक भारद्वाज से डेटा एनालिटिक्स द्वारा जीएसटी संग्रहण पर और सचिव (समन्वय) डॉ. मनोज गोविल से 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत फेज-2 की प्रगति पर चर्चा की। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार के साथ अजमेर-चंदेरिया व जयपुर-सवाई माधोपुर सहित प्रमुख रेल परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया तथा सेल (SAIL) के कार्यकारी निदेशक से लाइमस्टोन आपूर्ति पर बात की।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दी फेफड़ों और श्वसन तंत्र की गंभीर बीमारियों की चेतावनी

# कबूतरों की बढ़ती आबादी बनी 'साइलेंट किलर'

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

कबूतरों को दाना डालने की बढ़ती प्रवृत्ति अब आमजन के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनती जा रही है। कॉलोनियों, सोसायटियों और सार्वजनिक चौराहों पर कबूतरों की अनियंत्रित संख्या भी चिंता का विषय है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, यद्यपि कबूतर सीधे तौर पर इंसानों में बीमारी नहीं फैलाते, लेकिन उनके टूटकर गिरने वाले पंखों और सूखे मल से हवा में उड़ने वाले सूक्ष्म कण फेफड़ों और श्वसन तंत्र को गंभीर रूप से बीमार कर रहे हैं।



### फंगस और बैक्टीरिया बेहद घातक

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कबूतरों के मल में पनपने वाले फंगस, बैक्टीरिया इंसानी शरीर के लिए बेहद घातक साबित हो सकते हैं।

**हिस्टोप्लाज़्मोसिस:** यह एक फंगल इन्फेक्शन है जो कबूतर की सूखी बीट में पनपने वाले फंगस के सांस के जरिए शरीर में जाने से होता है। इससे फेफड़े बुरी तरह प्रभावित होते हैं।

**क्रिप्टोकोकोसिस :** यह फंगस श्वसन तंत्र पर हमला करकमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में धीरे-धीरे मस्तिष्क (मेनिन्जाइटिस) तक पहुंच सकता है।

**सिटाकोसिस :** यह एक प्रकार का 'पैरेट फीवर' या बैक्टीरियल संक्रमण है जो सूखी बीट के धूल-कणों से फैलता है।

**साल्मोनेलोसिस:** कबूतरों के मल से दूषित हुई हवा या पानी के संपर्क में आने से यह बैक्टीरिया पेट के संक्रमण और डायरिया का कारण बनता है।

### एसी कंप्रेसर- बालकनी हैं सबसे ज्यादा खतरनाक

विशेषज्ञों का कहना है कि एसी की बाहरी यूनिट्स, बालकनी, खिड़कियों में कबूतर लंबे समय तक डेरा डाले रहते हैं। इन जगहों पर हफ़्तों और महीनों तक जमा रहने वाली सूखी बीट सबसे ज्यादा खतरनाक होती है। हवा चलने पर या खिड़की खोलने पर अनजाने में ही लोग दूषित हवा में सांस लेते रहते हैं। इसकी चपेट में सबसे पहले छोटै बच्चे,, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा या कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग आते हैं।

### ये होते हैं शुरुआती लक्षण

संक्रमित होने पर मरीज को तेज बुखार, सूखी खांसी, सीने में दर्द, सांस लेने में परेशानी और पेट संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोग इसे सामान्य फ्लू समझकर नजरंदाज कर देते हैं, जो बाद में क्रॉनिक पल्मोनरी डिसीज का रूप ले लेता है।

**बरतें सावधानियां:** सूखा झाड़ू कभी न लगाएं, सफाई के दौरान चेहरे पर मास्क और हाथों में रबर के दस्ताने पहनें, अपनी बालकनी और एसी यूनिट्स के आसपास कबूतर जाली लगाएं ताकि वे वहां घोंसला न बना सकें।

### SMS की ओपीडी पहुंच रहे रोजाना 20 से 25 मरीज

एसएमएस की ओपीडी में सांस फूलने, लगातार सूखी खांसी और फेफड़ों में इंफेक्शन की शिकायत लेकर रोजाना 20 से 25 मरीज पहुंच रहे हैं।



इन मरीजों में बीमारी का सीधा संबंध कबूतरों की बीट (मल) और उनके बारीक पंखों से होने वाली एलर्जी से है। जांच (HRCT स्कैन) के बाद इनमें से कई मरीजों में 'हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस' (HP) और 'इंटरस्टिशियल लंग डिजीज' (ILD) की पुष्टि हो रही है। इससे फेफड़ों में परमानेंट सिकुड़न और सूजन (फाइब्रोसिस) आने लगती है। समय रहते इलाज न हो या मरीज कबूतरों के संपर्क से दूर न हो, तो फेफड़े काम करना बंद कर देते हैं और मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर आ जाता है। बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा से पीड़ित लोगों को इससे सबसे ज्यादा खतरा है।"

**-डॉ. अजीत सिंह,** वरिष्ठ चिकित्सक (मेडिसिन विभाग), एसएमएस अस्पताल, जयपुर

# किसानों की आत्मनिर्भरता और डिजिटल कृषि जैसे विषयों पर हुई व्यापक चर्चा

## नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन आयोजित

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

कृषि एवं बागवानी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को नई दिल्ली के पूसा में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में राजस्थान के कृषि परिदृश्य पर पक्ष रखते हुए देशभर से आए कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ खरीफ सीजन की तैयारियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कर रहे थे। डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि सम्मेलन में कृषि उत्पादकता वृद्धि, जलवायु-अनुकूल खेती, प्राकृतिक



खेती, दलहन-तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता तथा डिजिटल कृषि जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई है। इस दौरान राजस्थान सरकार की ओर से किसानों के हितों, कृषि अवसंरचना को मजबूत करने एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव और अनुभव साझा किए। सम्मेलन में डॉ. मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत - समृद्ध किसान" के संकल्प को साकार करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर राजस्थान के अन्नदाता को अधिक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। डॉ. मीणा ने कहा कि किसानों के लिए सुलभ खेती हेतु समय पर खाद, बीज और पेस्टिसाइड किस तरह से उचित समय और उचित मूल्य पर मिले इसके लिए भी सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए जिन पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने शीघ्रता से कार्यवाही करने के आश्वासन दिया है।

# राष्ट्रीय मंच पर चमका राजस्थान का एकमात्र सरकारी स्कूल, मिला पुरस्कार

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राजस्थान के लिए गौरव का क्षण है, जब टोंक के निवाई स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राहोली को प्रतिष्ठित "स्कूल चैलेंज टीओएफईआई राष्ट्रीय पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह विद्यालय इस सम्मान को प्राप्त करने वाला राज्य का एकमात्र राजकीय विद्यालय है।

यह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में नवोटेल सिटी सेंटर नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय, विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता



विभाग की संयुक्त सचिव ए. श्रीजा और सीबीएसई की अतिरिक्त निदेशक प्रोफेसर अंजली छाबड़ा ने पीएमश्री स्कूल राहोली को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका, नोडल ऑफिसर पूजा पाटीदार और राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर की हाइजीन ऑफिसर दीपा यादव को यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। पीएमश्री विद्यालय राहोली को यह सम्मान नशा मुक्त विद्यालय अभियान के सफल क्रियान्वयन, विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, सकारात्मक विद्यालयी वातावरण के निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन व नवाचारपूर्ण गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए प्रदान किया गया।

## ब्रीफ खबरें

### राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया एक जून से होगी आरम्भ

**जयपुर।** राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया राज्य में सोमवार 1 जून से आरम्भ होगी। राजस्थान में राज्यसभा के तीन सदस्यों का निर्वाचन होना है। राज्यसभा के निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन सोमवार 08 जून तक किए जा सकते हैं। राज्य सभा द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए विधान सभा में कक्ष सं. 112 आवंटित किया गया है। राज्यसभा के लिए राजस्थान विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा द्विवार्षिक निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर भारत भूषण शर्मा ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र राजस्थान विधानसभा के कक्ष संख्या 106 में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक परिदत्त किये जा सकेंगे। शर्मा ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की जांच राजस्थान विधानसभा भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या 751 में 9 जून को दोपहर 1.30 बजे की जाएगी। 11 जून को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता वापस ली जा सकती है। रिटर्निंग ऑफिसर शर्मा ने बताया कि मतदान होने की स्थिति में 18 जून को प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन सांय 5 बजे मतगणना की जाएगी।

### पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक APO, महुवा के उपनिदेशक निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की दौसा में आयोजित पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर महुवा के उपनिदेशक डॉ. करण सिंह मीणा को निलंबित कर दिया गया है। उनके निलंबन के आदेश पशुपालन विभाग के संयुक्त शासन सचिव दीनेश कुमार जांगिड़ द्वारा जारी किए गए हैं। डॉ. करण सिंह मीणा दौसा जिले के महुवा स्थित बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में उपनिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. करण सिंह मीणा की निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, जोधपुर कार्यालय रहेगा।

इसी प्रकार समीक्षा बैठक में पशुपालन विभाग के निर्धारित लक्ष्यों में पिछड़ने पर दौसा के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रह्लाद सिंह मीणा को एपीओ किया गया है। डॉ. प्रह्लाद सिंह मीणा की एपीओ अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पशुपालन विभाग निदेशालय, जयपुर रहेगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार, 28 मई 2026 को दौसा में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली थी।

### पेंशनधारियों को मिलेगी फोटो आईडी

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने अपने पेंशनधारियों एवं पारिवारिक पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करेगा। उत्पादन निगम प्रशासन ने बताया कि लंबे समय से पेंशनधारियों एवं पारिवारिक पेंशनधारियों द्वारा फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करने की मांग की जा रही थी। इस पहल का उद्देश्य पेंशनर्स को एक वैध एवं अधिकृत पहचान उपलब्ध कराना है, जिससे वे आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न कार्यालयों, संस्थानों, बैंक, विद्त निगमों के रेस्ट हाऊस में विभागीय पहचान पत्र के तौर पर प्रस्तुत कर सुविधा ले सकें।उक्त पहचान पत्र पेंशन या पारिवारिक पेंशन पीपीओ के आधार पर जारी किए जाएंगे। यह पहचान पत्र पेंशनर्स के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में कार्य करेगा तथा उन्हें विभिन्न प्रशासनिक एवं औपचारिक प्रक्रियाओं में सुविधा प्रदान करेगा।

### 15 दिन में सत्यापन के दिए निर्देश



**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने पेंशन सत्यापन से वंचित पेंशनधारकों का जिला स्तर पर अभियान चलाकर आगामी 15 दिवसों में सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। गहलोत शुक्रवार को मुख्यालय अंबेडकर भवन के सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, विशेष योग्यजन निदेशालय एवं अनुजा निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

### अरण्य भवन पर चौथे दिन भी प्रदर्शन



**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के आह्वान पर शुक्रवार को चौथे दिन भी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विभागीय समिति वन विभाग के महामंत्री चेतन कुमार नूनीवाल ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में आरजीएचएस योजना का निजीकरण रोकने और समर्पित अवकाश के भुगतान पर लगी अघोषित रोक को तुरंत हटाने सहित महासंघ का 25 सूत्री मांग पत्र शामिल है। प्रदर्शन में कर्मचारी नेता प्रकाश यादव, अजयवीर सिंह, फतेह बहादुर, गोपाल शर्मा, जितेंद्र सिंह, शंभू सिंह सहित अनेक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 : मॉडल 'ए' और 'डी' के तहत पार्क विकसित करने के लिए रीको ने मांगे आवेदन

# अब राजस्थान में नौ स्थानों पर बनेंगे विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्क

## 645 हेक्टेयर भूमि में किए जाएंगे नए पार्क विकसित

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति के तहत अब रीको ने प्राइवेट डेवलपर्स के माध्यम से औद्योगिक पार्क विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस नीति के मॉडल 'ए' और 'डी' के तहत प्रदेश के 9 स्थानों पर 645 हेक्टेयर भूमि में नए पार्क विकसित किए जाएंगे। इसके लिए एक जून से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

रीको प्रबंध निदेशक सुरेश ओला ने बताया कि प्रदेश में विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास, भूमि-जल-ऊर्जा संसाधनों का वैज्ञानिक व सतत उपयोग और लॉजिस्टिक्स सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से यह नीति लागू की गई है। इससे विश्व स्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास होगा और राजस्थान देश-विदेश में फ्यूचर रेडी इंडस्ट्रियल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित होगा। इस नीति के बेहतर क्रियान्वयन के लिए चार मॉडल-ए, बी, सी और डी निर्धारित किए गए हैं।

मॉडल 'ए' के तहत रीको द्वारा आवंटित लगभग 374 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर निजी डवलपर द्वारा पार्कों का विकास किया जाएगा। इन चिन्हित स्थानों में बालोतरा के वेदरलाई गांव में करीब 58 हेक्टेयर, धौलपुर के बिजौली गांव में करीब 38 हेक्टेयर, चित्तौड़गढ़ के नरबदिया गांव में करीब 23 हेक्टेयर, भीलवाड़ा के कोड़िया गांव में करीब 21 हेक्टेयर, दौसा के राजाहेड़ा, गूढ़ा आशिकपुरा और नूरपुर गांव में करीब 135 हेक्टेयर, बूंदी के मायेजा गांव में करीब 27 हेक्टेयर और डीडवाना कुचामन के भाकरी मोलास गांव में करीब 72 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

मॉडल 'डी' के तहत पीपीपी मोड पर कुल 271 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। अजमेर के कनईकलां गांव में करीब 107 हेक्टेयर भूमि और दौसा के कोटवालों का बास, नांगल झामरवाड़ा, रालतवाता और सुधरामपाड़ा गांव में करीब 164 हेक्टेयर भूमि शामिल है।




प्रतीकात्मक फोटो

### चार मॉडल से होगा औद्योगिक पार्कों का विकास

इस नीति के तहत निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों को चार विकास मॉडलों पर विकसित किया जाएगा। मॉडल-ए में रीको द्वारा आवंटित भूमि पर पूरी तरह निजी डवलपर द्वारा विकास किया जाएगा। वहीं, मॉडल-बी के अंतर्गत औद्योगिक पार्क के लिए 80 प्रतिशत भूमि विकासकर्ता द्वारा व शेष 20 प्रतिशत भूमि रीको द्वारा निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह, मॉडल-सी के तहत पार्क के लिए संपूर्ण भूमि की विकासकर्ता द्वारा व्यवस्था की जाएगी और मॉडल-डी पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा। नीति के तहत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी।

# RAJASTHAN

FAIR REPORT 03

## ब्रीफ खबरें

### माधव विवि में "योग महोत्सव 2026", 100 दिवसीय कार्यक्रम आज से



**झालावाड़।** माधव विश्वविद्यालय में "योग महोत्सव 2026" के उपलक्ष्य में100 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम का शनिवार को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को योग से जोड़ना है। इस विशेष आयोजन में विधायक समाराम गरासिया मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन डॉ. राजकुमार करेंगे। इसके अलावा चांसलर हिम्मत सिंह, होम्योपैथिक विभाग की निदेशक डॉ. भारती देसाई, शिवोहम योग शरणम् की संस्थापक अर्चना त्यागी एवं एमडीएनआईवाय के ललित मदान भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन माधव विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है, इसमें मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली का सहयोग रहेगा। आयोजन के दौरान योगाभ्यास, प्राणायाम एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करता है। विवि प्रशासन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आमजन से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### आतंकी नेटवर्क से जुड़े युवक को NIA ने लिया हिरासत में, पूछताछ



**अजमेर।** जिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक बड़ी और गुप्त कार्रवाई ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। शुक्रवार दोपहर को एजेंसी की टीम बोराज रोड स्थित अंबिका विहार कॉलोनी पहुँची और एक किराये के मकान में रह रहे परमेश मीणा नाम के युवक को हिरासत में ले लिया। भीलवाड़ा मूल का यह युवक लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था। प्राप्त जानकारी के अनुसार परमेश के संदिग्ध संबंध पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी से होने की आशंका जताई जा रही है। टीम ने उससे गहन पूछताछ की। इस दौरान स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियों का भी सख्त पहरा रहा। जांच का मुख्य केंद्र पाकिस्तान से संचालित हो रहा ऑनलाइन टेरर मॉड्यूल, सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भटकाने की साजिश और संदिग्ध डिजिटल ट्रांजैक्शन बताए जा रहे हैं। परमेश के बारे में यह भी स्पष्ट हुआ है कि वह पहले से ही सुरक्षा बलों की निगरानी में था। मोबाइल डेटा और संदिग्ध विदेशी नंबरों से बातचीत की कड़ियों को जोड़ते हुए एजेंसी इस नतीजे पर पहुंची।

### जल संकट को लेकर फूटा जनता का गुस्सा, मटकी फोड़ लगाया जाम



**भीलवाड़ा।** प्रदेश में भीषण गर्मी और नौतपा के तीखे तेवरों के बीच टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा में पानी का संकट गहरा गया है। शहर की शिवनगर कॉलोनी (पुलिस लाइन, शिव किरण मार्केट के सामने) में पेयजल किल्लत से त्रस्त नागरिकों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। पानी की गंभीर समस्या से आक्रोशित सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 100 फीट रोड पर टेम्पो आड़े तिरछे खड़े कर रास्ता पूरी तरह जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में जुटी महिलाओं ने जलदाय विभाग और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ सड़क पर मटकियां फोड़कर अपना विरोध दर्ज कराया। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्रवासियों ने जलदाय विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 6 महीनों से इलाके में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है। हैरत की बात यह है कि बिना पानी दिए भी विभाग द्वारा हर महीने उपभोक्ताओं को पानी के बिल लगातार भेजे जा रहे हैं। जबकि लोगों का कहना है कि वे पिछले दो साल से पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं और महंगे दामों में निजी टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं।

### एमडीएस के विद्यार्थियों का बढ़ा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में रुझान




**अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के जनसंख्या अध्ययन विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र हेतु एम.ए. पॉपुलेशन स्टडीज़ एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्क पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ कर दिए गए हैं। विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार दोनों पाठ्यक्रम वर्तमान समय की सामाजिक, स्वास्थ्य, जनसांख्यिकीय एवं विकास संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। विभागाध्यक्ष (प्रभारी) प्रो. सुब्रतो दत्ता ने बताया कि एम.ए. पॉपुलेशन स्टडीज़ दो वर्षीय पाठ्यक्रम है, जिसमें प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 48 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। इस पाठ्यक्रम की वार्षिक फीस सामान्य वर्ग के लिए 2200 रु. तथा एससी/एसटी एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 1850 रु. निर्धारित की गई है। वर्तमान में जनसंख्या, सार्वजनिक स्वास्थ्य, माइग्रेशन, परिवार कल्याण, डेटा विश्लेषण एवं नीति निर्माण जैसे विषयों का महत्व बढ़ा है। यही कारण है कि विद्यार्थियों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान, सरकारी नीति एवं जनगणना कार्य, सर्वे संगठनों, डेटा एनालिटिक्स तथा अकादमिक शोध जैसे क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं।

---

**मिली बड़ी सौगात :** सांसद अग्रवाल ने किया आधुनिक ई-बस स्टैंड का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# भीलवाड़ा में दौड़ेगी इलेक्ट्रिक बसें, 18 रूटों पर सफर होगा आसान

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**



देश में पर्यावरण अनुकूल और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में भीलवाड़ा को एक बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रथम चरण में देश को समर्पित की गई 3,000 ई-बसों में से 50 ई-बसें भीलवाड़ा के खाते में आई हैं। इन बसों के सुचारू संचालन को लेकर भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल और नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने शुक्रवार को ई-बस स्टैंड का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि इस नए ई-बस स्टैंड का निर्माण अत्याधुनिक और उच्च तकनीकी मापदंडों के अनुसार किया गया है। यहां बसों के लिए व्यवस्थित चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। सांसद ने कहा कि यह सेवा समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। बसों में एक्सीलेटर की व्यवस्था होने से दिव्यांगों और वृद्धजनों को यात्रा करने में बेहद सुगमता होगी। इसके अलावा, सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए प्रत्येक बस में 8 सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर लगाए गए हैं। यह प्रणाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना या दुर्व्यवहार की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को 'रियल-टाइम' सूचना प्रेषित करेगी, जिससे आपातकालीन स्थितियों पर तुरंत काबू पाया जा सकेगा।

### वायु प्रदूषण से मिलेगी निजात

नगर निगम ने निर्णय लिया है कि इन बसों के संचालन के लिए ड्राइवरों के अलावा अन्य सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति स्थानीय स्तर से ही की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। सांसद अग्रवाल के अनुसार, यह ई-बस सेवा शहर के 10 से 20 किलोमीटर के दायरे को कवर करेगी, जिससे आमजन को बेहद किफायती, सुलभ और आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। शहर में सार्वजनिक ई-वाहनों के संचालन से सड़कों पर निजी कारों और स्कूटरों की निर्भरता कम होगी। परिणामतः, भीलवाड़ा वासियों को लंबे समय से परेशान कर रही जाम और बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

---

**"मंत्री की भाषा शर्मनाक": गौतम दक के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग**

# कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा और गिरफ्तारी, पूर्व विधायक जाड़ावत बोले- पुलिस और प्रशासन की गरिमा को पहुंची ठेस

FAIR REPORT




**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक के कथित वायरल ऑडियो को लेकर सियासी विवाद लगातार गहराता जा रहा है। शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्री से सार्वजनिक माफी, इस्तीफा और गिरफ्तारी की मांग उठाई। बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले को लेकर राज्य सरकार को घेरने का प्रयास किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने मंत्री गौतम दक पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक मंत्री से संयमित भाषा और जिम्मेदार व्यवहार की उम्मीद की जाती है, लेकिन वायरल ऑडियो में जिस तरह की भाषा सुनाई दे रही है, वह बेहद आपत्तिजनक और शर्मनाक है। जाड़ावत ने कहा कि ऑडियो में कई बार अभद्र और अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिन्हें परिवार के साथ बैठकर सुना तक नहीं जा सकता। जाड़ावत ने कहा कि यदि मंत्री को पुलिस विभाग में किसी प्रकार के भ्रष्टाचार या कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत थी तो उन्हें सीधे वरिष्ठ अधिकारियों से बात करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि नए पुलिस अधीक्षक को जानकारी देकर कानूनी कार्रवाई करवाई जा सकती थी, लेकिन जिस तरीके से पुलिसकर्मियों के लिए कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का उपयोग किया गया, उससे पूरे प्रशासनिक तंत्र की गरिमा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में हमेशा यह सिखाया जाता है कि प्रशासन और पुलिस सरकार की व्यवस्था का अहम हिस्सा होते हैं। अधिकारी-कर्मचारी शासन व्यवस्था का एक हाथ होते हैं तो कार्यकर्ता दूसरा हाथ होते हैं और दोनों के समन्वय से ही सरकार चलती है। ऐसे में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति इस तरह की भाषा गलत संदेश देती है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि मंत्री ने उन्हीं पुलिसकर्मियों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जो उनकी सुरक्षा में तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री को यह समझना चाहिए कि उनके साथ रहने वाले कमांडो और एस्कॉर्ट भी राजस्थान पुलिस के ही कर्मचारी हैं। ऐसे में पुलिस विभाग के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी पूरे महकमे का अपमान है। जाड़ावत ने मंत्री के उस बयान पर भी सवाल उठाए, जिसमें उन्होंने वायरल ऑडियो को एडिटेड बताया है। उन्होंने कहा कि यदि ऑडियो के साथ छेड़छाड़ हुई है तो सरकार को तुरंत यह स्पष्ट करना चाहिए कि एडिटिंग किसने की और उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि पूरा ऑडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग खुद सुनकर अपनी राय बना रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों और कर्मचारियों से इस तरह की भाषा में बात करना मंत्री की पुरानी कार्यशैली का हिस्सा रहा है और यह कोई पहली घटना नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक और संबंधित पुलिस अधिकारी की कार्रवाई की सराहना भी की। जाड़ावत ने कहा कि किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना आसान फैसला नहीं होता और संबंधित अधिकारी ने साहस दिखाते हुए कार्रवाई की है। उन्होंने मांग की कि मंत्री के खिलाफ वही कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, जो किसी आम नागरिक के खिलाफ की जाती है।कांग्रेस नेताओं का कहना था कि यदि कानून सबके लिए बराबर है तो मंत्री पर भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। उनका कहना था कि इससे प्रदेशभर में यह संदेश जाएगा कि पुलिस और प्रशासन के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ कानून कार्रवाई करता है, चाहे व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली पद पर क्यों न हो। गौतम दक के कथित वायरल ऑडियो को लेकर अब मामला पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार को घेरने में जुटी हुई है, जबकि भाजपा की ओर से अब तक कोई बड़ी आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर मंत्री ऑडियो को एडिटेड बता रहे हैं, वहीं विपक्ष इसे मंत्री के व्यवहार और कार्यशैली से जोड़कर सरकार पर सवाल उठा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह विवाद और बढ़ सकता है, क्योंकि विपक्ष इसे प्रदेश स्तर पर बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में दिखाई दे रहा है।

---

## पुलिस पर फायरिंग कर खुद को घिरता देख नदी में कूदा शातिर बदमाश, घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**



जिला पुलिस ने हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के रीको औद्योगिक इलाके में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने बचने के प्रयास में ना सिर्फ पुलिस टीम पर अचानक फायरिंग कर दी बल्कि भागने के लिए करीब 9 फीट ऊंची पुलिया से नीचे बनास नदी में छलांग लगा दी। नदी के तल में मौजूद चट्टानों से टकराने के कारण बदमाश घायल हो गया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरुवार देर रात पुलिस को इनपुट मिला। सूचना में बताया गया था कि बिलिया कलां का कम्मो उर्फ कमलेश गुर्जर (29), पुत्र भंवरलाल गुर्जर, किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से अवैध रिवॉल्वर लेकर रीको क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। मामले की गंभीरता और तात्कालिकता को देखते हुए हमीरगढ़ थाना प्रभारी सुनील बेड़ा के नेतृत्व में जाब्ता मौके के लिए रवाना किया गया। पुलिस छोटी पुलिया के समीप पहुंची, तो एक संदिग्ध बाइक पर हमीरगढ़ की तरफ आता दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को अचानक सामने देख बदमाश सकपका गया और उसने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने चेतावनी दी, लेकिन चारों तरफ से खुद को घिरता देख और भागने का कोई रास्ता न पाकर बदमाश ने आपा खो दिया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। एसपी राणा ने बताया कि पुलिस टीम जब तक जवाबी कार्रवाई के लिए पोजीशन ले पाती, उससे ठीक पहले ही आरोपी ने बचने का आखिरी रास्ता चुनते हुए नदी में छलांग लगा दी। पुलिया की गहराई लगभग 9 फीट थी और पानी कम व पथरीली चट्टानें अधिक थीं।

## बजरी का अवैध परिवहन करते 3 डंपर पकड़े, पादूकलां थाने में हुआ केस दर्ज

FAIR REPORT

**नागौर**



अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस प्रशासन का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के निर्देशन में थाना पादूकलां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बजरी परिवहन कर रहे 3 डम्परों को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई वृताधिकारी डेगाना जयप्रकाश बेनिवाल के सुपरविजन में सरहद सथानीकला क्षेत्र में की गई। थानाधिकारी पादूकलां उमाशंकर ने टीम के साथ सूचना पर कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे 3 डम्परों को डिटेन किया। पुलिस जांच में डम्पर में अवैध खनिज बजरी भरी हुई पाई गई। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर खनिज विभाग गोटन को सूचना दी, जिस पर विभाग द्वारा नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों से पूछताछ भी की। इस कार्रवाई में थानाधिकारी उमाशंकर के साथ हैड कांस्टेबल भाकरलाल, कांस्टेबल गंगाराम, रामनारायण, नीरज, रामकरण, संजय, राजकुमार एवं नरेंद्र की विशेष भूमिका रही। इस संबंध में पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि अथवा अवैध खनन की सूचना पुलिस को देवे। अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

**15 दिन तक चले शिविर का समापन; झूलेलाल, हेमू कालाणी और राजा दाहिर सेन के जीवन पर दी प्रस्तुतियां, घर-घर सिंधी भाषा के प्रयोग का आह्वान**

# नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की पहल: बाल संस्कार शिविर में बच्चों ने सीखी सिंधी भाषा, संस्कृति और परंपराएं

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** बदलते दौर में अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूज्य सिंधी पंचायत विकास समिति चित्तौड़गढ़, झूलेलाल युवा सेवा समिति एवं भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। शिविर के माध्यम से बच्चों को सिंधी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया।सिंधु कम्युनिटी हॉल में आयोजित समापन समारोह में समाज अध्यक्ष योगेश भोजवानी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष वासुदेव भोजवानी, सचिव अनिल हरियाणी, संगठन सचिव हीरा मंगलानी, पूर्व अध्यक्ष कमलेश खटवानी तथा भारतीय सिंधु सभा जिला अध्यक्ष जोधराज तिलवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मीडिया प्रभारी कमलेश शर्मा ने बताया कि 17 मई से प्रारंभ हुए इस शिविर में बच्चों को सिंधी भाषा बोलना और लिखना सिखाने के साथ-साथ सिंधी साहित्य, संस्कृति, भजन, गीत और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई। शिविर का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और उनमें सामाजिक व नैतिक मूल्यों का विकास करना था। समारोह को संबोधित करते हुए समाज अध्यक्ष योगेश भोजवानी ने सिंधु संस्कृति की गौरवगाथा, समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाजजनों से आह्वान किया कि वे अपने घरों में परिवार के सदस्यों और समाजबंधुओं के साथ सिंधी भाषा में संवाद करें, ताकि भाषा और संस्कृति की यह अमूल्य धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंच सके। समापन समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने सिंधी भजनों, गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही भगवान झूलेलाल, अमर शहीद हेमू कालाणी तथा सिंध प्रांत के अंतिम हिंदू शासक राजा दाहिर सेन के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम के दौरान शिविर में भाग लेने वाले सभी शिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षकों कविता खटवानी और डॉ. लाजवंती छतवानी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशा आहूजा, कविता खटवानी, डॉ. लाजवंती छतवानी, बीना संतवानी, रीना नानवानी, लवीना खत्री, दिव्या लालवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

VISION INDIA

FAIR REPORT | 04

# Police Destroys Drugs Worth Rs 11 Crore, Over 66 Quintals Burnt in Cement Plant Kiln

**Drugs seized in 48 cases from 17 police stations disposed of after court approval; entire process recorded on video**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** In a major action against drug trafficking, Chittorgarh Police destroyed more than 66 quintals of seized narcotic substances on Friday. The drugs, seized in 48 cases registered at 17 police stations across the district, had an estimated international market value of around Rs 11 crore. The disposal operation was carried out in the presence of Superintendent of Police Dharmendra Singh, Additional SP Mukul Sharma, DSP Bhadesar Vinod Kumar, Police Inspector Jodharam, SHO Shambhupura Dharamraj, ASI Manoj Kumar and other police officials. Representatives of UltraTech Cement Plant, including Unit Head Uttam Rai, HR Head Nitesh Rathi, Chief Security Officer Dhirendra Rathore, PR Manager Deepak Bhatt and Environment Department official Mithilesh Beniwal, were also present. SP Dharmendra Singh said the seized narcotics were destroyed after proper verification and court approval. The disposal was conducted by the District Drug Disposal Committee at the kiln of the UltraTech Cement Plant in Sawa under Shambhupura police station limits. The destroyed drugs included 65 quintals 76 kg 537 grams of poppy husk (doda chura) from 30 cases, 34 kg 748 grams of ganja from 11 cases, 996 grams of MDMA from six cases and 135 grams of smack from one case. According to standard NCB rates, the total value of the destroyed narcotics was estimated at around Rs 11 crore in the international market. The SP said police station store rooms were heavily occupied by seized narcotics and case property, creating storage issues. To free up space and maintain proper records, proposals were collected from the concerned police stations and the disposal process was completed as per legal procedures. Before destruction, all records were verified and the seized material was weighed. The entire process was photographed and videographed to ensure transparency. The narcotics had been seized during anti-drug operations conducted by 17 police stations across the district and were finally destroyed in accordance with legal guidelines.

# Lieutenant Colonel Isha Thakral Takes Charge as Vice Principal of Sainik School Chittorgarh

**Second-generation Army officer brings rich experience in education, administration and public relations**



**Chittorgarh:** Sainik School Chittorgarh has got a new Vice Principal. Lieutenant Colonel Isha Thakral, an experienced officer of the Indian Army, has taken charge as the Vice Principal of the school. Her appointment is expected to bring new direction to the academic and administrative activities of the institution. After assuming charge, she expressed her commitment to taking the school to new heights of achievement and making it one of the leading educational institutions in the country. School Principal Colonel Anil Dev Singh Jasrotia welcomed Lieutenant Colonel Thakral and briefed her about the school's functioning, academic activities and administrative arrangements. According to the school's Public Relations Officer Babulal Shivran, Lieutenant Colonel Isha Thakral is a skilled and experienced officer of the Army Educational Corps. She was commissioned into the Indian Army on September 16, 2006. She is a second-generation Army officer and an alumna of the Officers Training Academy, Chennai. Lieutenant Colonel Thakral holds a postgraduate degree in English Literature from the University of Jammu. She has extensive experience in education, leadership, administration and public relations.

**Two Major Crime Incidents in One Night**

# Couple Assaulted and Robbed, Cash and Jewellery Box Stolen from Another House

**Masked men robbed a couple in Manpura Mines, while thieves broke into a house in Tarjela village and escaped with valuables worth Rs 7.10 lakh**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Two major theft incidents in different police station areas of the district created fear among villagers on Wednesday night. In the Manpura Mines area under Kotwali police station, masked criminals assaulted a couple and looted cash and jewellery. In another incident in Tarjela village under Mandfiya police station, thieves broke into a house and stole an iron box containing cash and jewellery. The total loss in both incidents is estimated at Rs 9.19 lakh. Police have registered cases and started investigations. The first incident took place in Manpura Mines. Surajmal Bhoi (54) had gone outside his house around 12:30 am when five masked men surrounded him and took away Rs 11,000 kept in his kurta. The accused then entered the house and stole about one tola of gold jewellery, including earrings and a pendant, two silver rings, around 250 grams of silver anklets and a mobile phone belonging to his wife Sitabai. The couple was also assaulted during the robbery. The criminals took away a motorcycle parked outside the house, but it was later found about 400 metres away. The total loss in this incident was around Rs 2.09 lakh. The second incident occurred in Tarjela village. Complainant Naina Banjara said the family was sleeping in the open courtyard after dinner. During the night, unknown thieves broke the door of the house and stole an iron box containing cash and jewellery. The box had gold and silver ornaments worth about Rs 6.30 lakh, including silver anklets, a silver waist belt, gold jewellery and other items. The thieves also took away Rs 80,000 in cash kept from the sale of a wheat crop. The total loss was around Rs 7.10 lakh. The family woke up and saw four men running away from the spot. After failing to find any clue on their own, they lodged a complaint at Mandfiya police station. Police are investigating both cases and searching for the accused.

## Rajasthan Likely to Receive Above-Normal Rainfall During Monsoon 2026

**Jaipur,** Rajasthan is expected to witness above-normal rainfall during the 2026 monsoon season, according to weather experts who have linked the forecast to the developing La Niña conditions in the Pacific Ocean. Meteorologists believe the phenomenon could bring significant relief to the state after intense summer heat and rising water concerns in several districts. The India Meteorological Department (IMD) has indicated that La Niña conditions generally support stronger monsoon activity over the Indian subcontinent. Experts say Rajasthan, particularly eastern and southeastern regions, may receive rainfall higher than the seasonal average if the weather pattern strengthens further in the coming weeks.

# Case Detected During Morning Count: Life Convict in Murder Case Escapes from Open Jail

**Prisoner Lalit Meena Missing from Chittorgarh Open Air Camp, Jail Administration Registers Case at Kotwali Police Station After Recount**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** A prisoner serving a life sentence in a murder case escaped from the Open Air Camp run under the District Jail, Chittorgarh. The incident came to light during the regular morning count on Thursday, causing panic among jail officials. A report has been registered at Kotwali Police Station. According to information, a total of 19 prisoners were staying in the Open Air Camp. One prisoner was on parole, while another prisoner has now escaped from the camp. The escaped prisoner has been identified as Lalit alias Lalshankar alias Lala, son of Mota Meena, a resident of Sarada, Udaipur, currently living in Salumber. He had been serving his sentence in the Open Air Camp for about two years and was living alone. It is reported that Lalit Meena was present during the prisoner count conducted at around 5:30 am on Wednesday. However, he was missing during the regular count held at 6 am on Thursday. After finding one prisoner missing, jail authorities conducted another count and verified the identity of all prisoners, but Lalit Meena could not be found. After this, the jail administration immediately informed Kotwali Police Station. According to jail officials, Lalit Meena was convicted in a murder case registered at Kelwa Police Station in Rajsamand district. In 2019, the Additional District and Sessions Judge, Rajsamand, sentenced him to life imprisonment and imposed a fine of Rs 10,000. Based on a complaint filed by jail guard Vederam Choudhary, a case has been registered and police have started an investigation. Police teams are searching for the escaped prisoner.

**What is an Open Air Camp?**

An Open Air Camp, also known as an Open Jail, is a prison system where convicted prisoners with good conduct are given certain relaxations compared to regular jails. Here, prisoners are kept in an open environment instead of behind high walls and under strict security. In such camps, prisoners are allowed to work, do labour jobs, or take up employment and return at a fixed time. In some cases, prisoners can also live with their families. However, regular counting and monitoring of prisoners continues. The purpose of this system is to help well-behaved prisoners reconnect with society and encourage their rehabilitation.

# POVERTY WITHOUT DEFINITION

FAIR REPORT

BY HEMRAJ TIKAMCHAND

India's Constitution promises justice, equality and dignity to every citizen. Yet, remarkably, it never clearly defines one of the country's most politically invoked identities: the poor.

For decades, governments have fought elections in the name of poverty. Slogans have changed — from "Garibi Hatao" to welfare guarantees and economic inclusion — but the central question remains unresolved: who exactly is "poor" in the eyes of the Indian state?

The Constitution itself avoids a rigid definition. Instead, Constitution of India speaks through principles. Article 14 guarantees equality before law. Article 21 protects the right to live with dignity. Directive Principles urge the state to reduce inequality and protect weaker sections. The moral direction is clear, even if the legal definition is absent.

In practice, however, poverty in India is often reduced to paperwork. A ration card, an income certificate, a Below Poverty Line list, an EWS category — these bureaucratic labels decide who deserves support and who does not. As a result, poverty is measured less by lived suffering and more by administrative eligibility.

The contradiction is striking. A daily wage worker struggling to feed a family may fail to qualify as "poor" because of a modest brick house or an old motorcycle. Meanwhile, loopholes sometimes allow the relatively privileged to access benefits meant for the vulnerable. But poverty is not merely about income. It is also about insecurity, exclusion and lack of opportunity. It is the child forced to leave school, the farmer trapped in debt, the graduate without employment and the patient who cannot afford treatment.

Perhaps the Constitution did not define poverty because poverty itself evolves with society. But a democracy cannot afford to treat it as only a statistic. The true measure of a republic lies not in the wealth of its elites, but in the dignity it guarantees to its weakest citizens.

## Green Mission Gets Political Push: Rajasthan CMO Ramps Up Mega Plantation Drive Ahead of Monsoon


**Jaipur:** In a massive green push ahead of the monsoon season, the Rajasthan Chief Minister's Office (CMO) has intensified preparations for the ambitious "Hariyalo Rajasthan" campaign, with officials closely monitoring nursery development and large-scale plantation targets across the state.

The campaign, aimed at boosting green cover and strengthening environmental sustainability, has now become one of the government's key administrative priorities. Senior officials in the CMO are reportedly conducting regular reviews with district administrations, forest departments, and local bodies to ensure timely availability of saplings before the arrival of the southwest monsoon. Sources in the Secretariat said the government is preparing for plantation activities on an unprecedented scale this year, focusing on highways, urban areas, village commons, schools, and water conservation zones. Officials have also been directed to improve survival rates of planted saplings, an area that has remained a challenge in previous drives.

# Strong Batting Effort Goes in Vain as Chittorgarh Suffers Defeat, Lakhan Bharti Turns Match in Barmer's Favour

**Team fails to defend 230-run target; poor bowling in final overs proves costly, must win two of remaining three matches**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Jodhpur. Chittorgarh suffered a 7-wicket defeat against Barmer in a Plate-A Group match of the Senior Men's Colvin Shield Cricket Tournament being organized by the Rajasthan Cricket Association in Jodhpur. Despite posting a competitive total of 230 runs, Chittorgarh could not hold its advantage in the final overs as Lakhan Bharti Mankas and Rahul Chaudhary guided Barmer to victory with aggressive batting. The eight-day state-level tournament features teams from 33 districts of Rajasthan. Players performing well in the competition will have an opportunity to be considered for the Ranji team.

After winning the toss and choosing to bat first, Chittorgarh got off to a poor start as Vikas Dad was dismissed early. However, Harshvardhan Singh Chauhan and Devendra Singh Yadav steadied the innings with an important partnership.

Harshvardhan scored 55 runs from 93 balls, while Devendra contributed 44 runs. In the middle order, Rahul Kumar Bhat played a responsible innings and remained unbeaten on 49 runs. Naman Joshi added 29 runs, while Pradeep Kumar Baresa scored a quick 12 runs from just 4 balls in the final overs. Chittorgarh finished with 230/7 in 50 overs. While defending the target, Chittorgarh bowlers made a good comeback in the middle overs. Pradeep Kumar Baresa, Narendra Singh Rao and Naman Joshi picked up wickets and kept the match competitive. However, Rahul Chaudhary and Lakhan Bharti Mankas attacked in the closing stages and helped Barmer reach the target comfortably. Chittorgarh missed the services of its key bowler Shresht, who was unavailable due to illness. Team officials are hopeful that he will return for the next match and strengthen the bowling attack. Chittorgarh now has three matches remaining in the tournament. The team will face Jhunjhunu on May 30, Tonk on May 31 and Jodhpur on June 1. To stay in contention, Chittorgarh must win at least two of its remaining three matches. The strong batting performance in this game has boosted the team's confidence ahead of the upcoming fixtures.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**